# मियामी ओपन बारिश से पूरी तरह प्रभावित

## 37 मैच रद्द, शेड्यूल बिगड़ा खिलाड़ियों की तैयारी रुकी

- सबालेंका और अल्कराज की प्रैक्टिस बाधित
- एलेक्जेंड्रा एला ने मुश्किल हालात में भी अभ्यास किया

**मियामी, 19 मार्च. मियामी ओपन 2026 इस बार अपने रोमांचक मुकाबलों के बजाय खराब मौसम के कारण सुर्खियों में आ गया है. लगातार हो रही तेज बारिश और गरज-चमक ने पूरे टूर्नामेंट के कार्यक्रम को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है.**

शुरुआती दौर में ही हालात इतने बिगड़ गए कि आयोजकों को एक ही दिन में 37 मुकाबले रद्द करने पड़े. इससे न केवल मैचों का शेड्यूल बिगड़ गया है, बल्कि खिलाड़ियों की तैयारियों पर भी गहरा असर पड़ा है.

टूर्नामेंट की शुरुआत से ही मौसम ने खिलाड़ियों और आयोजकों की मुश्किलें बढ़ानी शुरू कर दी थीं. 15 मार्च को लगातार बारिश के चलते सभी क्वालिफाइंग मुकाबले और अभ्यास सत्र पूरी तरह रद्द कर दिए गए. इसके बाद 16 और 17 मार्च को भी मौसम ने कोई राहत नहीं दी. कभी बारिश रुकती तो मैच शुरू होते, लेकिन थोड़ी ही देर में फिर से बारिश आ जाती, जिससे खेल बार-बार बाधित होता रहा. इस स्थिति ने खिलाड़ियों की लय बिगाड़ दी और उन्हें लगातार इंतजार करना पड़ा.

18 मार्च को हालात और खराब हो गए, जब पूरे दिन बारिश जारी रही और आयोजकों को सभी निर्धारित मुकाबले रद्द करने का फैसला लेना पड़ा. एटीपी और डब्ल्यूटीए दोनों वर्गों के कुल 37 मैच रद्द किए गए, जिससे टूर्नामेंट पर भारी दबाव बन गया है. अब



आयोजकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे इतने सारे मुकाबलों को कम समय में कैसे पूरा कराएं. इस मौसम की मार का

> **अभ्यास सत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुए**
> बारिश के कारण सिर्फ मैच ही नहीं, बल्कि अभ्यास सत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं. खिलाड़ियों को अपनी तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है. कई खिलाड़ियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन अंत में उन्हें बिना खेले ही लौटना पड़ा. इससे मानसिक दबाव भी बढ़ा है. टूर्नामेंट के मुख्य कोर्ट की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है. लगातार बारिश के कारण कोर्ट के कुछ हिस्से खेलने लायक नहीं रह गए हैं, जिन्हें ठीक करने में समय लग रहा है. इसी वजह से आयोजकों को कई मुकाबलों को छोटे कोर्ट पर शिफ्ट करने का फैसला लेना पड़ा. हालांकि, अंत में जब मौसम ने कोई राहत नहीं दी, तो पूरे दिन का खेल ही रद्द करना पड़ा.

असर बड़े खिलाड़ियों पर भी साफ देखने को मिला. महिला वर्ग की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को अपनी प्रैक्टिस बीच में ही छोड़नी पड़ी. उन्होंने सोशल मीडिया पर बारिश का वीडियो साझा करते हुए मजाकिया अंदाज में लिखा कि आज अभ्यास की जरूरत ही नहीं है. वहीं पुरुष वर्ग के शीर्ष खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को भी खराब मौसम के कारण अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा. गीले कोर्ट पर खेलना संभव नहीं था, जिससे उनकी तैयारी अधूरी रह गई.

हालांकि, इन मुश्किल हालात के बीच फिलीपींस की युवा खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा एला ने अपने जज्बे से सबका ध्यान खींचा.

## एक नजर में

### दिल्ली कैपिटल्स ने नई जर्सी लॉन्च की

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2026 बस आने ही वाला है, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की को-ओन्ड दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को नए सीजन के लिए अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च की.



इसका डिज़ाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह रिप्रेजेंट करती है. कैंपेन फिल्म में पुरुष और महिला दोनों टीमों के कैप्टन, अक्षर पटेल और जेमिमा रोड्रिग्स, अपनी तरह के पहले जर्सी लॉन्च में एक साथ हैं, जिसमें दोनों टीमें एक साथ दिख रही हैं. यह एक शेयर्ड आइडेंटिटी को दिखाता है और दिल्ली कैपिटल्स की दोनों टीमों के बीच बढ़ते तालमेल को सेलिब्रेट करता है. नई जर्सी के लॉन्च पर बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ, सुनील गुप्ता ने कहा, 'यह जर्सी हमारे शहर, पहचान और मैदान पर हमारे निडर माइंडसेट का जश्न मनाती है.

### जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त

**नयी दिल्ली.** आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया गया है.



मूनी ने एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है, जिन्होंने पिछले सत्र में यह भूमिका निभाई थी. 44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, हाल ही में उन्होंने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के साथ काम किया था. वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के अगुवाई वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच, इयान बेल सहायक कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं. मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 एकदिवसीय और 27 टी- 20 मैच खेले हैं. उन्हें 2011 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ मिली ऐतिहासिक जीत में विजयी रन बनाने के लिए आज भी याद किया जाता है. दिल्ली कैपिटल्स पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रही थी.

### अपने 100वें मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं : गार्डनर

**सेंट विंसेंट.** ऑस्ट्रेलिया की मध्य क्रम की बल्लेबाज एश्ले गार्डनर ने गुरुवार को कहा कि वह अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच में पहले की तरह



निडरता के साथ बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने चाहती है. आज यहां गार्डनर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ ही सातवीं ऐसी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी जो ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगी. टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है. वह 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आई थी. डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद, 19 साल की उम्र में ही उसे अपने देश के लिए खेलने के लिए चुन गया था. गार्डनर ने कहा, 'इस प्रारुप में, मध्यक्रम में मेरी भूमिका कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, हो सकता है कि आप तब बल्लेबाजी करने आएं जब टीम मजबूत स्थिति में हो, या फिर तब जब हम अच्छी स्थिति में न हों.

### आईपीएल से पहले फिटनेस को प्राथमिकता दी चहल

**नयी दिल्ली.** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले सीजन में कई चोटों के बाद आईपीएल 2026 से पहले अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दी है. 35 साल के



चहल ने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए '150 प्रतिशत' देने की कोशिश में शराब छोड़ दी है. चहल ने एबी डिविलियर्स के यू ट्यूब चैनल एबी डिविलियर्स 360 पर बताया, 'केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) के गेम के बाद, मेरे कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया और बाद में टूर्नामेंट में मेरी अंगुली की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया.' 'तो सेमीफ़ाइनल (क्वालिफायर) और फ़ाइनल में, मैं अपनी सही लेगस्पिन वगैरह नहीं डाल पा रहा था. लेकिन इस साल मैं सबसे पहले अपने शरीर का ध्यान रखना चाहता था और मेरे पास आपके लिए एक अच्छी खबर है, मैंने शराब छोड़ दी है. छह महीने से ज़्यादा हो गए हैं. उन्होंने कहा, 'अब, मैं 35 साल का हूँ, मैं और ज़्यादा एक्टिव रहना चाहता हूँ और अपनी टीम के लिए अपना 150 प्रतिशत देना चाहता हूँ.

# महान फुटबॉलर मेसी ने रचा इतिहास

*इंटर मियामी के लिए खेलते हुए नैशविले एफसी के खिलाफ ऐतिहासिक गोल, फुटबॉल इतिहास में खास क्लब में शामिल हुए*

**900 गोल**
**करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने**
**21 साल**
**में पूरा किया ऐतिहासिक सफर**

### मैच 1-1 से ड्रॉ, टीम बाहर



**ब्यूनस आयर्स, 19 मार्च. अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है. मेसी अपने करियर में 900 गोल पूरे करने वाले फुटबॉल इतिहास के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं. इस उपलब्धि के साथ उन्होंने खुद को महानतम खिलाड़ियों की सूची में और मजबूती से स्थापित कर लिया है, जहां पहले से क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे दिग्गज मौजूद हैं.**

यह ऐतिहासिक पल कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में इंटर मियामी और नैशविले एफसी के बीच खेले गए मुकाबले में आया. चेज स्टेडियम में खेले गए इस मैच की शुरुआत में ही मेसी ने गोल दागकर 900 गोल का आंकड़ा छू लिया. हालांकि मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ और इंटर मियामी को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा.

38 वर्षीय मेसी का यह 900वां गोल उनके करियर की लंबी और शानदार यात्रा का प्रतीक है. खास बात यह रही कि उन्होंने यह गोल अपने पसंदीदा बाएं पैर से किया. मेसी ने अपने सीनियर करियर का पहला गोल महज 17 साल की उम्र में बार्सिलोना के लिए किया था. ठीक 21 साल बाद उन्होंने 900 गोल का आंकड़ा पूरा कर एक नई मिसाल कायम कर दी.

अगर मेसी के गोलों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो उनका सबसे बड़ा योगदान बार्सिलोना के लिए रहा, जहां उन्होंने 672 गोल किए. इसके अलावा उन्होंने अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के लिए 115 गोल दागे, जबकि पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए 32 और इंटर मियामी के लिए अब तक 81 गोल कर चुके हैं. मैच के बाद इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने मेसी की इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की. उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्होंने मेसी के इतने शानदार गोलों को करीब से देखा है. माशेरानो ने विनम्रता से कहा कि मेसी की इस उपलब्धि में उनका कोई योगदान नहीं है.

### लिवरपूल की दमदार वापसी, पीएसजी से भिड़ंत

लिवरपूल ने एनफील्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुए गालातासराय को 4-0 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली. पहले लेग में मिली हार के बाद टीम ने जोरदार वापसी की और कुल 4-1 के एग्रीगेट स्कोर के साथ अगले दौर में प्रवेश किया. मैच की शुरुआत से ही लिवरपूल ने आक्रामक खेल दिखाया और विरोधी टीम को संभलने का मौका नहीं दिया. पहले हाफ में बढ़त बनाने के बाद दूसरे हाफ में टीम ने लगातार गोल कर मुकाबले को पूरी तरह अपने पक्ष में कर लिया. मोहम्मद सलाह ने भी अहम भूमिका निभाई और अंत में गोल कर जीत को पक्का किया. गालातासराय की टीम लिवरपूल के दबाव के सामने टिक नहीं पाई और पूरे मैच में संघर्ष करती नजर आई. इस जीत के साथ अब लिवरपूल का सामना क्वार्टर फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा.



# पॉल स्टर्लिंग ने आयरलैंड की टी-20 टीम का कप्तान पद छोड़

**डबलिन, 19 मार्च आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से टी-20 टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया. 35 वर्षीय स्टर्लिंग ने आज जारी एक बयान में कहा, 'इस प्रारुप में आयरलैंड की अगुवाई करना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात रही है और मुझे ऐसा करने पर बेहद गर्व महसूस हुआ है.**

अपने देश की कप्तानी करना एक ऐसा सौभाग्य है जिसके साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है. इस भूमिका में अपने कार्यकाल के दौरान मुझे जो विश्वास और समर्थन मिला, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं.' स्टर्लिंग ने दोहराया कि वह एकदिवसीय टीम के कप्तान बने रहेंगे, लेकिन उनका ध्यान अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले विश्व कप में आयरलैंड की जगह पक्की करने पर होगा. उन्होंने कहा, 'हालांकि मैं टी-20 कप्तानी छोड़ रहा हूं, फिर भी मैं आयरलैंड टीम के प्रति पूरी तरह समर्पित हूं और एकदिवसीय कप्तान के तौर पर अपनी भूमिका निभाता रहूंगा.

## विनय कुमार यादव ने अर्जुनवीर शिशिर के खिलाफ प्लेऑफ में जीता खिताब

**गुरुग्राम.** दिल्ली के विनय कुमार यादव ने गुरुग्राम के गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले गए 25 लाख रुपये के डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन 2026 में चंडीगढ़ के 15 साल के अर्जुनवीर शिशिर के खिलाफ प्लेऑफ में जीत हासिल कर अपना पहला खिताब जीता. तीस साल के विनय कुमार यादव (72-70-71), जो रात भर चौथे नंबर पर थे और लीड से तीन शॉट पीछे थे, ने तीसरे राउंड में एक-अंडर 71 का कार्ड बनाया और रेगुलर 54 होल के आखिर में टीनएजर अर्जुनवीर शिशिर (71-70-72) के साथ कुल तीन-अंडर 213 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड में टॉप पर रहे.

# सचिन तेंदुलकर द्वारा समर्थित अहमदाबाद की वर्ल्ड-क्लास

**अहमदाबाद, 19 मार्च. अहमदाबाद में जमीनी स्तर के खेलों के विकास में एक बड़ा बदलाव आने वाला है. सचिन तेंडुलकर द्वारा समर्थित एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी शुरू होने जा रही है, जो एक हाई- परफॉरमेंस ट्रेनिंग सेंटर है.**

10 अप्रैल से शुरू होने वाली इस एकेडमी का लक्ष्य 5 साल और उससे अधिक उम्र के उभरते खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय क्रिकेट ट्रेनिंग उपलब्ध कराना है. हालांकि इसके लॉन्च की योजना पिछले साल ही बना ली गई थी, लेकिन अब यह एकेडमी तकनीक, फिटनेस और भविष्य



की तैयारी पर केंद्रित ट्रेनिंग मॉड्यूल के साथ अपना कामकाज शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है. एसजी रोड पर वैष्णोदेवी सर्कल के पास शंकुज फार्म में स्थित, यह विशाल 40,000 स्क्वायर यार्ड का स्पोर्ट्स कैंपस खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक संपूर्ण इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया गया है.

## पंत 'उत्साहित' तेंदुलकर जूनियर के वजन से 'इम्प्रेस' हुए

**लखनऊ, 19 मार्च.** अर्जुन तेंदुलकर अपनी शादी के बाद आईपीएल के लिए अभ्यास करने मैदान में उतर आये हैं. अर्जुन अपनी नई आईपीएल टीम, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ मैदान में उतरे हैं, और उन्होंने अपने नए कप्तान ऋषभ पंत को दो मामलों में पहले ही इम्प्रेस कर दिया है. पहला, अपने बैट के वजन के लिए - जितना उनके पिता सचिन इस्तेमाल करते थे, उतना भारी नहीं, लेकिन फिर भी भारी है - और दूसरा, मार्च की शुरुआत में अपनी बहुत चर्चित शादी के तुरंत बाद ट्रेनिंग शुरू करने के लिए. अब तेंदुलकर जूनियर और पंत दोनों अपने नए खिलाड़ी से कुछ बड़ा प्रदर्शन देखना चाहेंगे.

# आयुष, तन्वी और अनमोल अगले दौर में

## ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट

**पेरिस (फ्रांस), 19 मार्च. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है.**

पैलेस डेस स्पोर्ट्स में बुधवार को खेले गये एकल मुकाबले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने हम वतन किरण जॉर्ज को हराया. वहीं महिला एकल के मुकाबले में अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को हरा कर तथा तन्वी शर्मा ने दूसरी वरीयता प्राप्त सुपानिदा कातेथोंग को बाहर कर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई.





यूएस ओपन 2025 चैंपियन आयुष शेट्टी पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुँच गए. उन्होंने पहले दौर के एक 'ऑल-इंडियन' मुकाबले में किरण जॉर्ज को 17-21, 21-10, 21-17 से हराकर वापसी की. ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने के बाद, किरण जॉर्ज ने लगातार पांच अंक हासिल किए और इतनी बड़ी बढ़त बना ली कि पहला गेम आसानी से जीत लिया. हालाँकि, आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में अपना खेल का स्तर ऊंचा उठाया और शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया. आयुष शेट्टी ने अपनी लय को निर्णायक तीसरे गेम में भी जारी रखा और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली.

## दिग्गजों की राय

### अनिल कुंबले और डिविलियर्स ने अभिषेक शर्मा की कंसिस्टेंसी और मैच्योरिटी पर दिए अहम सुझाव



- ऑफ स्पिन के खिलाफ कमजोरी सुधारने पर जोर
- स्ट्राइक रेट के साथ संतुलन बनाना जरूरी
- मानसिक दबाव से पार पाना होगा अहम

# अभिषेक में सहवाग जैसी झलक दिखी




**नई दिल्ली, 19 मार्च. भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे अभिषेक शर्मा को लेकर दिग्गजों की राय सामने आई है. पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले ने उनकी तुलना आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग से करते हुए कहा कि अभिषेक में बड़ा खिलाड़ी बनने की पूरी क्षमता है, लेकिन उन्हें अपने खेल में संतुलन और निरंतरता लानी होगी.**

वहीं, दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भी उनकी मानसिक मजबूती और मैच-अप समझ को करियर के लिए अहम बताया है. आईपीएल के पिछले दो सीजन में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले अभिषेक शर्मा ने अपनी निडर बल्लेबाजी से खास पहचान बनाई है. उनकी आक्रामक शैली ने गेंदबाजों पर दबाव बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन इसी अंदाज के कारण उनके खेल में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिलता है. यही वजह है कि विशेषज्ञ अब उन्हें अगला कदम उठाने की सलाह दे रहे हैं. अनिल कुंबले ने कहा कि अभिषेक में एक महान खिलाड़ी बनने की सभी खूबियां मौजूद हैं. उन्होंने बताया कि टी20 इंटरनेशनल में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और वह गेंदबाजों पर हावी रहते हैं. हालांकि, इस तरह की आक्रामक बल्लेबाजी में निरंतरता बनाए रखना आसान नहीं होता.

> कुंबले ने आगे कहा कि अभिषेक को अपनी कमजोरियों को समझकर उन्हें सुधारना होगा. सबसे अहम बात पर जोर देते हुए कुंबले ने कहा कि एक महान खिलाड़ी बनने के लिए सिर्फ यह जानना जरूरी नहीं है कि आप क्या कर सकते हैं, बल्कि यह भी जरूरी है कि आपको यह समझ हो कि आपको क्या नहीं करना चाहिए. अभिषेक शर्मा की तुलना वीरेंद्र सहवाग से करते हुए कुंबले ने कहा कि सहवाग भी हर गेंद को हिट करने की कोशिश करते थे.

## नैट साइवर-ब्रंट दक्षिण अफ्रीका से घर लौटीं

**लंदन.** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं है, जहां वह आने वाले इंटरनेशनल सीजन की तैयारी कर रहे 30 खिलाड़ियों में से एक थीं. बाकी ग्रुप इस महीने के आखिर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगा, और जून और जुलाई में होने वाले घरेलू टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के सिलेक्शन के लिए दबाव बनाने के लिए पांच इंट्रा-स्क्वाड मैचों की सीरीज खेलेगा. यह ट्रिप असल में यूएई के लिए प्लान की गई थी, लेकिन इलाके में चल रहे झगड़े की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया. साइवर-ब्रंट पहले ट्रायल मैच में शानदार फॉर्म में थीं. जिसे पूरे टूर के दौरान टीम हेहो फ्लिंट के नाम से जाना जाता था.

### हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते हैं

# हमें उनके खिलाफ स्वयं पर भरोसा है : फुल्टन

**नयी दिल्ली, 19 मार्च. एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के आधिकारिक पूल ड्रॉ और कार्यक्रम की घोषणा के बाद, भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने गुरुवार को कहा कि हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते है, लेकिन हमें उनके खिलाफ स्वयं पर भरोसा है.**

भारत को पूल डी में शीर्ष वरीयता प्राप्त इंग्लैंड, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत टीम वेल्स के साथ रखा गया है. ग्रुप-चरण के सभी मैच नीदरलैंड के



एमस्टेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे. टीम के साथ शिविर में ड्रॉ को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने कहा, 'हम उत्साहित हैं. यह एक मजबूत ग्रुप है, लेकिन विश्वकप में आप ठीक यही तो चाहते हैं कि आपकी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ हो.